हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 नवंबर, 2025

12 नशे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए पंचायतों को एकजुट होना पड़ेगा



12 बिहार जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न



**खबर संक्षेप**

### हेरोइन सप्लाई चेन से जुड़े दो युवक किए काबू

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भट्टू कलां पुलिस ने दो सप्लायरों को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवकों की पहचान श्याम सुंदर उर्फ श्याम लाल पुत्र राय सिंह व सतबीर उर्फ बिट्टू पुत्र रणजीत निवासी गांव बनमंदौरी के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही एक आरोपी सुशील को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज चुकी है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि 12 नवम्बर को पुलिस ने आरोपी सुशील कुमार को हेरोइन सहित दबोचा था। इस संबंध में 12 नवंबर को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### मंदिर दान पात्र चोरी मामले में नाबालिग से की पूछताछ

**रतिया।** मंदिर दान पात्र चोरी मामले में रतिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग को उसके अभिभावकों के सम्मुख जांच शाामिल कर पूछताछ की है। इससे पहले इसी अभियोग में एक अन्य आरोपी को पुलिस द्वारा काबू किया जा चुका है। मामला गांव जाखन दादी स्थित सति मंदिर के दान पात्र से चोरी की वारदात से सम्बन्धित है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 2 नवंबर को बलवीर सिंह पुत्र भगवान सिंह, वासी गांव जाखन दादी, मंदिर प्रबंधक समिति प्रधान द्वारा थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

### शहीदी दिवस के अवसर पर सेमिनार का आयोजन

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पी.जी कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियो को गुरु जी के अद्वितीय जीवन, उनकी शिक्षाओं और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान के बारे में जागरूक करना था। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमरदीप कौर ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन की प्रमुख घटनाओं पर प्रकाश डाला।

### सट्टा खाईवाली करते एक युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने सट्टेबाजी करने वालों पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की दुकान से 9,070 रुपये की नगदी और सट्टा पर्चा बरामद किया गया। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि एसआई ईश्वर सिंह पुलिस टीम सहित चंडीगढ़ रोड पर गश्त के दौरान मौजूद थे। इसी दौरान मुखबर ने सूचना दी कि पुरानी सब्जी मंडी स्थित फूलों की दुकान में मुकेश उर्फ कालू पुत्र ओमप्रकाश, निवासी वार्ड नं. 8, किला मोहल्ला, टोहाना लोगों से सट्टा खाईवाली करता है।

### कल से परमल धान की सरकारी खरीद बंद

# फतेहाबाद में पिछले साल से 47.9 प्रतिशत ज्यादा हुई धान की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

परमल धान की सरकारी खरीद आज शनिवार को अंतिम दिन है। खरीद एजेंसियां कल से परमल धान की सरकारी खरीद नहीं करेंगी। इस समय जिले में फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट, हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन एमएसपी पर धान की खरीद कर रही है। इस बार पिछले साल से 47.9 प्रतिशत धान की खरीद ज्यादा हुई है। बीते वर्ष जिले में कुल 7 लाख 43 हजार 194 एमटी धान की खरीद हुई थी जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 10 लाख 93 हजार 813 एमटी धान की खरीद हो चुकी है। हालांकि धान खरीद के आंकड़ों को लेकर बड़े सवाल भी उठ रहे हैं। जानकारों का मानना है कि इस बार ज्यादातर धान की फसल बाहरी जिलों या बाहरी प्रदेशों से आकर यहीं बिकी। यानि यहां के राइस शैलरों व आढ़तियों ने मेरा फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल खरीद कर उस पर धान की एन्ट्री दिखाकर खरीद एजेंसियों को धान बेचा। खरीद एजेंसियों ने कुल 66877 किसानों को 2603 करोड़ 69 लाख की राशि उनके खातों में ट्रांसफर की है।

■ इस वर्ष अब तक जिले में 10 लाख 93 हजार 813 एमटी धान की खरीद हो चुकी है

बता दें कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान का सरकारी रेट 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। फतेहाबाद जिले में फूड एंड सप्लाई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी को सीएमआर के लिए 271 राइस मिलें अलाट की गई हैं। इनमें फूड एंड सप्लाई को 93, हैफेड को 88 व एचडब्ल्यूसी को 90 मिलें शामिल हैं। खरीद एजेंसियां अब तक 259 राइस मिलों के साथ एग्रीमेंट कर चुकी हैं, जिनमें फूड एंड सप्लाई द्वारा अब तक 91, हैफेड द्वारा 86 व एचडब्ल्यूसी द्वारा 82 मिलें शामिल हैं। जिले में अब तक 66877 किसानों का 10 लाख 93 हजार 813 एमटी धान मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर आया है जिसमें से 10 लाख 93 हजार 192 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 19896 किसानों से 3 लाख 99 हजार 179 एमटी धान खरीदा है। इसमें से करीब 99.88 प्रतिशत धान की उठान हो चुका है यानि की 3 लाख 98 हजार 698 एमटी धान की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि 481 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 100 प्रतिशत किसानों को 953 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

**अनाज मण्डी में आई फसल।**



**इस प्रकार हुई खरीद**

हैफेड द्वारा 22108 किसानों से 3 लाख 57 हजार 566 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 99.73 प्रतिशत यानि 3 लाख 56 हजार 594 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 972 एमटी धान मंडियों में पड़ा है। हैफेड द्वारा 99.9 प्रतिशत किसानों को 853 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 24873 किसानों से 3 लाख 36 हजार 447 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 99.24 प्रतिशत यानि 3 लाख 33 हजार 903 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 2544 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 99.2 प्रतिशत किसानों को 797 करोड़ 69 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

**बासमती धान की आवक जोरों पर, निजी व्यापारी करेंगे खरीद**

अब मण्डियों में बासमती किस्म के धान की आवक जोरों पर है, जिसमें 1509, 1121, 1885, 1718, 1847 व 1401 वैरायटी शामिल है। बासमती धान की खरीद सरकार नहीं करती। इसकी खरीद केवल निजी व्यापारियों द्वारा की जाती है। इस समय 1121 का मण्डी में भाव 3765, 1885 का भाव 3275, 1718 वैरायटी का भाव 3195, 1509 का भाव 3180, 1847 वैरायटी का 2865 तथा 1401 वैरायटी का भाव 3580 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है।

# एसडीएम ने 2 एसएचओ, 2 नायब तहसीलदार सहित 7 को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा

■ आगजनी को गंभीरता से न लेने पर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



एसडीएम राजेश कुमार

हरसेक द्वारा फतेहाबाद जिले के खेतों में आगजनी की 74 लोकेशन भेजे जाने के बावजूद आगजनी को रोकने में फेल रहने पर जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। शुक्रवार को फतेहाबाद के एसडीएम राजेश कुमार ने 2 एसएचओ, दो नायब तहसीलदारों तथा कृषि विभाग के तीन अधिकारियों को नोटिस देकर 24 घंटे में जवाब देने को कहा है। संतोषजनक जवाब न देने पर इनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने की बात कही गई है। एसडीएम ने बताया है कि हरसेक ने फायर लोकेशन भेजी तो उसको ट्रेस करना तो दूर की बात, उसमें आग भी लगी पाई गई। अगर इसमें अधिकारी दोषी पाए तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि इससे पूर्व वायु गुणवत्ता मैनेजमेंट ने फतेहाबाद के डीसी और एसपी को नोटिस जारी किया था जबकि निचले अधिकारियों डीडीए और एसपी ने अपने विभागों के 41 अधिकारियों से मांगा जवाब। शुक्रवार को एसडीएम राजेश कुमार फतेहाबाद के खंड कृषि अधिकारी जयकुमार, एसटीओ विजेन्द्र, एसईपीओ रामफल, फतेहाबाद के नायब तहसीलदार विकास कुमार व भूना के नायब तहसीलदार कृष्ण कुमार के अलावा थाना सदर फतेहाबाद के एसएचओ कुलदीप सिंह, भूना के एसएचओ ओमप्रकाश को नोटिस जारी कर 15 नवंबर तक जवाब मांगा है।



**फतेहाबाद।** खेतों में जलती पराली। फोटो : हरिभूमि

### अवैध हथियार सहित कुख्यात आदतन अपराधी पवन उर्फ शिवा गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत सीआईए रतिया ने कुख्यात और आदतन अपराधी पवन उर्फ शिवा को फतेहाबाद से अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, जिसे समय रहते रोका गया। आरोपी के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीआईए रतिया के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रिछपाल ने बताया कि अपराध जांच शाखा के एएसआई प्रेम कुमार अपनी टीम के साथ फतेहाबाद में बीघड़ चौक से मातूराम कॉलोनी होते हुए मिनी बाईपास की ओर पेट्रोलिंग कर रहे थे।

## इंस्टाग्राम पर अपराधी प्रोफाइल को फॉलो करने वाले पांच किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अवैध गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले अकाउंट्स के विरुद्ध विशेष निगरानी अभियान चलाया। इसी क्रम में अपराध जांच शाखा फतेहाबाद द्वारा इंस्टाग्राम पर सक्रिय अपराधी प्रकृति के अकाउंट शीलू भाई 302 व जग्गा 302 को फॉलो करने वाले कुल 5 व्यक्तियों को तलब कर पूछताछ की गई।

सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि जांच में सामने आए व्यक्तियों ने अपनी-अपनी इंस्टाग्राम आईडी से इन दोनों संदिग्ध अकाउंट्स को तुरंत अनफॉलो कर ब्लॉक कर दिया है। पुलिस द्वारा सभी युवाओं के बयान दर्ज किए गए व संबंधित इंस्टाग्राम आईडी का विवरण भी हासिल किया गया।

**सोशल मीडिया अपराध जागरूकता अभियान जारी**

प्रभारी ने बताया कि यह सभी युवा गांव भुना से पुलिस के समक्ष प्रस्तुत हुए थे। उन्हें सोशल मीडिया पर आपराधिक छवि वाले अकाउंट्स को फॉलो करने के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। साथ ही हाजिर मौजीज को भी गांव एवं आसपास के युवाओं को इस विषय पर जागरूक करने के लिए कहा गया, ताकि भविष्य में कोई भी युवा अनजाने में ऐसे अकाउंट्स से प्रभावित न हो। फतेहाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर अपराध को महिमामंडित करने या ऐसे अकाउंट्स को बढ़ावा देने वालों पर निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## देसी शराब में मिला कॉकरोच युवक ने ठेके पर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आज तक लोग खाने के सामान में कीड़े मिलने के बातें सुनते थे लेकिन अब 'लाल परी' में भी कीड़े मिलने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला फतेहाबाद में सामने आया है। यहां देसी शराब के एक पव्वे में मृत कॉकरोच निकला। इसको लेकर ई-रिक्शा चालक ने शराब ठेके पर जमकर हंगामा किया। हंगामा करने वाला पुलिस को शिकायत देने की बात कहकर ठेके से चला गया। शराब ठेके पर हुए हंगामे का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि मामला बुधवार शाम का बताया जा रहा है लेकिन वीडियो अब सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, शहर के सिरसा रोड स्थित एक शराब ठेके पर बुधवार शाम को भाटिया कॉलोनी के ई-रिक्शा ड्राइवर देसी शराब का पव्वा लेने आया। पव्वा लेकर वह चला गया। करीब 15-20 मिनट बाद अपने दो-तीन साथियों के साथ वापस आया। उसने माल्टा मस्ती पव्वा दिखाते हुए कहा कि इसमें मृत कॉकरोच मिला है। उस समय पव्वे की सील बंद थी। हालांकि शराब ठेके के काउंटर पर बैठे कर्मचारी ने उसे पव्वा बदल कर देने या पैसे वापस देने की बात कही, मगर ई-रिक्शा ड्राइवर इस बात पर सहमत नहीं हुआ।



**फतेहाबाद।** शराब के पव्वे में कीड़ा।

### मेन बाजार में नो पार्किंग में लगी गाड़ियों पर पुलिस सख्त

**फतेहाबाद।** यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए एसपी सिद्धांत जैन द्वारा दिए गए सख्त निर्देशों के तहत ट्रैफिक पुलिस ने शहर के व्यस्त मेन बाजार में नो पार्किंग एरिया में अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों के खिलाफ कड़े कदम उठाए हैं। पुलिस ने उल्लंघन करने वाली गाड़ी को क्रेन के माध्यम से टो कर संबंधित थाना भेज दिया, ताकि नागरिकों और व्यापारियों के लिए यातायात में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। ट्रैफिक पुलिस प्रभारी उपनिरीक्षक जयसिंह ने बताया कि शहर में यातायात की सुचारू व्यवस्था और आम जनता की सुरक्षा प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नो पार्किंग क्षेत्र में गाड़ियों को खड़ा करना किसी भी हालत में स्वीकार्य नहीं है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम राजेश कुमार ने पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ लिया तैयारियों का जायजा

# शहीदी वर्ष पर नगर कीर्तन यात्रा 17 नवंबर को पहुंचेगी फतेहाबाद, तैयारियों में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी नगर कीर्तन यात्रा 17 नवंबर को शाम 4 बजे सिरसा से फतेहाबाद पहुंचेगी। 17 नवंबर को नगर कीर्तन यात्रा करनौली मोड सिरसा बाइपास रोड से मोरी राम न्यू पैट्रोल पंप, न्यू अनाज मंडी, एमएम कॉलेज, नामधारी गुरुद्वारा बीघड़ रोड से होते हुए गुरुद्वारा जगजीवनपुरा में पहुंचेगी। इसके उपरांत 18 नवंबर को डीएसपी रोड से रविदास चौक, जवाहर चौक, थाना पार्किंग रोड से अरोड़वंश धर्मशाला, तुलसीदास चौक से वाल्मिकि चौक, गुरुद्वारा गुरुनानक पुरा, रतिया चुंगी, गुरुद्वारा झाड़ साहित से होते हुए अयाल्की पहुंचेगी। यह यात्रा गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान, शिक्षाओं और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रतीक है। यात्रा के सुचारू संचालन को लेकर एसडीएम राजेश कुमार ने पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ यात्रा मार्ग, सुरक्षा, सफाई, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की गई। एसडीएम ने निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। यह यात्रा आगे विभिन्न जिलों से होती हुई 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र पहुंचेगी, जहां राज्य स्तरीय भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा।



**फतेहाबाद।** नगर कीर्तन यात्रा के आगमन को लेकर तैयारियों का जाजया लेते हुए एसडीएम राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे हरियाणा में एक माह तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें कीर्तन, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य श्री गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों, त्याग और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इस दौरान डीएसपी जगदीश काजला, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूल में स्टाफ की कमी को लेकर ग्रामीणों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

कालांवाली क्षेत्र के गांव तख्तमल के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में शुक्रवार को स्टाफ की कमी को लेकर ग्रामीणों ने स्कूल में एकत्रित होकर रोष जताया ओर विभाग से स्कूल में स्टाफ की नियुक्त करने की मांग की। गांव के सरपंच प्रतिनिधी रणजीत सिंह, ग्रामीण बुध सिंह, राज सिंह, लखबीर सिंह, निक्का सिंह, राजेंद्र सिंह, बसंत सिंह, पाला सिंह, मुन्ना सिंह, गुरमीत सिंह, नायब सिंह, डॉ मोहन सिंह, बोबी सिंह, तरसेम सिंह, जगपाल सिंह ने रोष जताते हुए बताया कि प्राथमिक स्कूल में दो ही शिक्षक है जिनमें से एक मुख्य शिक्षक राजेश कुमार व दूसरी गैस्ट टीचर बलजीत कौर नियुक्त है।

**स्टाफ की कमी**

अध्यापिका बलजीत कौर जोकि रोड़ी की निवासी है ने गत वर्ष इस स्कूल से आठ नवंबर 2024 को रोडी के स्कूल में अपना डैपूटेशन करवा लिया था ओर समय समय पर अपनी नियुक्ति अवधि को बढ़वा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त अध्यापिका करीब एक वर्ष बाद चार नवंबर 2025 को तख्तमल स्कूल में डयूटी पर आई और आज फिर से छुट्टी पर जाने के लिए मुख्य शिक्षिक को आवेदन दिया। जिसका उन्होंने विरोध जताते हुए मुख्य शिक्षक से अध्यापिका को रिलीव नहीं करने का पत्र दिया। ग्रामीणों ने कहा कि स्टाफ की कमी के कारण स्कूल में बच्चों की संख्या लगातार कम हो रही है। इस समय प्राथमिक स्कूल में सिर्फ 36 बच्चें शिक्षा ग्रहण कर रहें है ओर उनको पढाने के लिए सिर्फ मुख्य शिक्षक ही है जोकि विभाग के अन्य कार्यों में भी व्यस्त रहते है ऐसे में उनके बच्चों की पढाई प्रभावित हो रही है।

**जांच** अवैध तरीके से डाली सिवरेज लाइन, जांच रिपोर्ट के बाद होगी सख्त कार्रवाई

नगरपालिका ठेकेदार की मिलीभगत का आरोप

# घटिया निर्माण पर विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई अनाज मंडी के साथ सड़क से सैंपल लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

शहर की अनाज मंडी के पीछे वार्ड नंबर 1 व 15 की संयुक्त सडक़ पर घटिया निर्माण कार्य को लेकर उठ रही शिकायतों ने अब गंभीर रूप ले लिया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो फतेहाबाद की टीम ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। टीम ने सडक़ निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री के कई सैंपल लिए, जिन्हें लैब में जांच के लिए भेजा जाएगा।

शिकायतकर्ता प्रवीण कंबोज ने आरोप लगाया कि नगरपालिका अधिकारियों की सांठगांठ से ठेकेदार ने सडक़ निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री का उपयोग किया, जिससे सडक़ कुछ ही समय में जगह-जगह से टूटने लगी। उनका कहना है कि पहले भी इस सडक़ को लेकर शिकायतें की गई थीं, लेकिन कार्रवाई न होने के कारण निर्माण कार्य में लापरवाही और बढ़ गई। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी से सटी सड़क के बीचोंबीच नगरपालिका ने अवैध तरीके से सिवरेज लाइन बिछाई और पीवीसी पाइप डाल दी गईं। इतना ही नहीं, इन पाइपों का बिल भी नगरपालिका से पास करवा लिया गया, जबकि निर्माण मानकों के अनुरूप न तो पाइप की गुणवत्ता सही थी और न ही उनका लेवल। यही कारण है कि सडक़ बनने के बाद भी पानी निकासी की समस्या जस की तस बनी हुई है।



**भूना।** सडक़ पर घटिया निर्माण के आरोप के बाद सैंपल लेते हुए विजिलेंस टीम।

**लोगों को उठानी पड़ती है परेशानी**

विजिलेंस टीम को क्षेत्र की कई सडक़ों पर इसी तरह की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हर बार ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से सड़कें कागजों में तो मजबूत दिखती हैं, लेकिन धरातल पर कुछ ही महीनों में उखडने लगती हैं। इससे जनता को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता है। जांच टीम ने मौके का विस्तृत निरीक्षण किया और सडक़ की मोटाई, बेस लेयर, मिश्रण सामग्री समेत कई तकनीकी पहलुओं की जांच की। टीम के अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई तय होगी। यदि सामग्री मानकों पर खरी नहीं उतरी तो ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि इस बार विजिलेंस की कार्रवाई से सडक़ निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और जनता को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं मिल सकेंगी।

**क्या कहते हैं डीएसपी**

एंटी करप्शन ब्यूरो के डीएसपी जुगल किशोर ने बताया कि हमारी टीम के नेतृत्व में सडक़ निर्माण में भ्रष्टाचार से संबंधित सडक़ के कई जगह से सैंपल लिए गए हैं। जिन्हें सबंधित अधिकारी की मौजूदगी में सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे। सैंपलिंग रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई होगी।


मानव मस्तिष्क लगभग 15 वाट पर संचालित होता है।


मकड़ी के रेशम का एक धागा इंसान के बाल से भी पतला होता है।

# जल विभाग में नौकरी है शानदार करियर ऑप्शन



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में कार्यों को अलग-अलग विभाग के माध्यम से किया जाता है। भारत में पुलिस विभाग जिस प्रकार से अपना काम करता है। उसी प्रकार के जल विभाग के द्वारा जल से संबंधित कार्यों को भारत में किया जाता है। जल विभाग के कार्यों को करने के लिए भारत में जल विभाग की नौकरी और जल विभाग भर्ती का भी आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। जल विभाग में भर्ती आने के पश्चात विद्यार्थी किस प्रकार से जल विभाग में नौकरी हासिल कर सकता है। इसके बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं है। आज के आर्टिकल में हम आपको जल विभाग में नौकरी के बारे में डिटेल में जानकारी देंगे।

## क्या होता है जल विभाग

सरकार का एक ऐसा डिपार्टमेंट जिसके माध्यम से जल संबंधित समस्त समस्याओं को दूर करने के कार्य किए जाते हैं। उसे जल विभाग कहते हैं। जल विभाग एक सरकारी विभाग है जो हर जिला में इसका मुख्यालय होता है। जल विभाग के जिले में स्थित कार्यालय की मदद से जिले में उत्पन्न होने वाली जल संबंधित समस्याओं को दूर किया जाता है।

### जल विभाग की नौकरी सरकारी

राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष रिक्त पदों को ध्यान में रखते हुए जल विभाग में आवश्यक रिक्त पदों को पूरा करने के लिए सरकारी भर्ती का आयोजन किया जाता है। जल विभाग की सरकारी नौकरी के लिए विद्यार्थियों को 12 वीं पास होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को इस भर्ती में आवेदन लगाने और इस भर्ती के तहत जल विभाग में शामिल हो सकते हैं और जल विभाग में सरकारी नौकरी पा सकते हैं। जो विद्यार्थी जल विभाग में उच्च पदों पर नौकरी हासिल करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री करनी पड़ती है। उसके अकॉर्डिंग जल विभाग के अलग-अलग पदों पर आवेदन किया जा सकता है। जल विभाग भर्ती में एग्जाम होने के बाद इंटरव्यू भी होता है और एग्जाम पास करने वाली उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाता है और उसके पश्चात नियुक्ति पत्र प्रदान करवा कर जल विभाग में नौकरी दे दी जाती है।

## महत्वपूर्ण जानकारी

राज्य का जल संसाधन विभाग एक सरकारी विभाग यहां राज्य में जल की आपूर्ति पूरे करने का कार्य करता है। जल संसाधन विभाग के माध्यम से राज्य में पेयजल की आपूर्ति पूरी करने के साथ-साथ जहां पर जल के माध्यम से सिंचाई होती है। वहां सिंचाई हेतु जरूरी जल की आपूर्ति को पूरा करना होता है। कई बार जल विभाग के कर्मचारियों को पानी के टैंक और पाइपों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। इतना ही नहीं नहर की सफाई के कार्य भी करवाने होते हैं। ताकि घरों तक पहुंचने वाला पेयजल शुद्ध पहुंचे।

### जरूरी योग्यता

- जल विभाग में नौकरी लेने वाले उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष होना अनिवार्य है।
- जो उम्मीदवार जल विभाग में नौकरी लेने के लिए आवेदन करना चाहता है।
- वह भारत का नागरिक होना जरूरी है।
- उम्मीदवार के ऊपर किसी भी प्रकार का जुर्म होने का आरोप व पुलिस केस नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

## भर्ती होने की प्रक्रिया

जो उम्मीदवार जल विभाग भर्ती में आवेदन लगा कर चल विभाग में नौकरी पाना चाहता है। उस उम्मीदवार को जल विभाग में भर्ती होने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। जल विभाग में आने वाली भर्तियों में उम्मीदवार को आवेदन करने के बाद लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। लेकिन परीक्षा को पूरा करने के पश्चात उम्मीदवार को दूसरे चरण के तौर पर एक और लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। पहले लिखित परीक्षा में उम्मीदवार को सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं और दूसरी लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के लिए विषय से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। जल विभाग के जिस पद पर उम्मीदवार नौकरी के लिए आवेदन करता है। उस पद से संबंधित सवाल दूसरे पेपर में पूछे जाते हैं। दोनों पेपर पास करने के बाद उम्मीदवार को तीसरे चरण के तौर पर साक्षात्कार के लिए भेजा जाता है। साक्षात्कार पास करने वाले उम्मीदवार को आगे जॉइनिंग लेटर देकर नौकरी पर नियुक्त कर दिया जाता है।

**कौन-कौन से पद होते :** भारत में जल विभाग में अलग-अलग पदों पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। भारत में जल विभाग में कौन-कौन से पद होते हैं। इसके बारे में नीचे जानकारी दी गई है।

- इंजीनियर
- असिस्टेंट इंजीनियर
- जूनियर इंजीनियर
- लिपिक संवर्ग
- सफाई कर्मी
- ड्राइवर

**सैलरी :** जल विभाग में उम्मीदवार को कितनी सैलरी मिलती है। इसके बारे में बात की जाए तो जल विभाग में बहुत सारे अलग-अलग पद होते हैं। सफाई कर्मी से लेकर इंजीनियर के पद पर भी इस विभाग में उम्मीदवारों को चयनित किया जाता है। जल विभाग में उम्मीदवारों की सैलरी के बारे में बात करें तो उच्च श्रेणी पर कार्यरत उम्मीदवारों को 30000 से लेकर 67000 की सैलरी मिलती है और नीचे जूनियर और सफाई कर्मी के तौर पर काम करने वाले उम्मीदवारों को 15000 से 25000 तक की सैलरी मिल जाती है।

---

## केवल कोडिंग सिखाना नहीं, तार्किक सोच में सक्षम बनाना उद्देश्य

# बी.टेक के बाद करियर के शानदार विकल्प डिजिटल युग के सबसे प्रतिष्ठित रोजगार


**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## आधुनिक तकनीकों की गहन समझ करता प्रदान

बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिस्टम, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेटवर्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (C, C++, Python, Java), डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिदम, डेटाबेस मैनेजमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी समस्या समाधान, तार्किक सोच, और नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना है ताकि वे उद्योगों के डिजिटलीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एम्एल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं।

**नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता कर सकते हैं हासिल**



## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

बी.टेक सीएसई के बाद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाकर विशेषज्ञता और करियर अवसर दोनों बढ़ा सकते हैं। प्रमुख उच्च शिक्षा विकल्प हैं।

- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, या क्लाउड कंप्यूटिंग
- अंतर्राष्ट्रीय सर्टिफिकेशन : अमेजन वेब सर्विस, माइक्रोसॉफ्ट अजोर, गूगल क्लाउड, सिस्को सीसीएनऐ, और कॉम्प टीए सिक्योरिटी

ये कोर्स विद्यार्थियों को उद्योग-उपयुक्त दक्षता, बेहतर वेतन और वैश्विक अवसर प्रदान करते हैं।

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

*डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के इस युग में बी.टेक सीइसई स्नातकों की मांग देश-विदेश दोनों में लगातार बढ़ रही है। टेक कंपनियाँ, बैंकिंग सेक्टर, फिनटेक, ई-कॉमर्स, और क्लाउड-आधारित उद्योगों में इनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।*

**1. सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और प्रोग्रामिंग**
**पदनाम:** सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वेब डेवलपर, ऐप डेवलपर, सिस्टम एनालिस्ट, फुल स्टैक डेवलपर, ब्लॉकचैन डेवलपर, बैकेंड डेवलपर, फ्रॉटेंड डेवलपर

**2. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग**
**पदनाम:** डाटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर, ऐ आई रिसर्चर, डीप लर्निंग इंजीनियर, एनएलपि इंजीनियर, कंप्यूटर विज़न इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर

**3. साइबर सिक्योरिटी**
**पदनाम:** साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट, एथिकल हैकर, नेटवर्क, सिक्योरिटी इंजीनियर, सिक्योरिटी कंसलटेंट, क्रिप्टोग्राफ़ी एक्सपर्ट, क्लाउड सिक्योरिटी इंजीनियर

**4. क्लाउड कंप्यूटिंग**
**पदनाम:** क्लाउड इंजीनियर, क्लाउड आर्किटेक्ट, डेव ऑपरेशनल इंजीनियर, क्लाउड सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट, क्लाउड डाटा साइंटिस्ट

**5. डेटाबेस मैनेजमेंट**
**पदनाम:** डाटा इंजीनियर, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, डाटा आर्किटेक्ट, डाटा मॉडलर

**6. सॉफ्टवेयर टेस्टिंग एवं क्वालिटी अशोरेन्स**
**पदनाम:** ऑटोमेशन टेस्टर, टेस्ट इंजीनियर, क्वालिटी इंजीनियर

**7. टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी और प्रोडक्ट मैनेजमेंट**
**पदनाम:** आई टी कंसलटेंट, बिज़नेस एनालिस्ट, प्रोडक्ट मैनेजर, सलूशन आर्किटेक्ट, टेक्निकल लीड, क्लाउड कंसलटेंट

### निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन

निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन 4 से 8 लाख वार्षिक के बीच होता है, जो अनुभव और विशेषज्ञता के साथ 15 से 25 लाख वार्षिक या उससे अधिक तक पहुँच सकता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, इनफ़ोसिस, टीसीएस, एक्सेंचर, और आईबीएम जैसी कंपनियां इन स्नातकों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं।

***निष्कर्ष :** बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) केवल एक तकनीकी डिग्री नहीं, बल्कि डिजिटल भविष्य की कुंजी है। चाहे आप सॉफ्टवेयर डेवलपर बनें, डेटा साइंटिस्ट या साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट -यह क्षेत्र निरंतर विकसित होता रहेगा। सही मार्गदर्शन, नवीन तकनीकी कौशल और लगन के साथ विद्यार्थी देश-विदेश दोनों में सफल करियर बना सकते हैं।*

## प्रमुख विशेषज्ञताएं

कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अनेक शाखाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

- सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग
- साइबर सिक्योरिटी
- क्लाउड कंप्यूटिंग
- डेटाबेस मैनेजमेंट
- नेटवर्क इंजीनियरिंग
- गेमिंग और वर्चुअल रियलिटी

## आवश्यक कौशल

*कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। सफल करियर के लिए विद्यार्थियों में निम्नलिखित क्षमताओं का होना आवश्यक है।*

- तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच प्रदान करना।
- समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता
- प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग दक्षता
- डेटा विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा समझ
- टीमवर्क, प्रोजेक्ट प्रबंधन और संवाद कौशल को विकसित करना।

*इन कौशलों से विद्यार्थी वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों में रोजगार पाने के साथ-साथ स्टार्टअप्स और अनुसंधान संस्थानों में भी अपनी पहचान बना सकते हैं।*

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

*सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं।*

विद्यार्थी तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और डेटा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी नौकरियों में योगदान दे सकते हैं।

**मुख्य पदनाम:**
- आईटी अधिकारी राष्ट्रीयकृत बैंक
- सिस्टम एनालिस्ट सरकारी विभाग
- साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट रक्षा एवं गृहमंत्रालय
- वैज्ञानिक / तकनीकी सहायक एनआईसी, इसरो, डीआरडीओ
- डेटा एनालिस्ट- यूआईडीऐआई, एनआईसी, और अन्य ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट्स

**सरकारी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन** : 5 से 9 लाख वार्षिक होता है, जबकि अनुभव के साथ यह 15 लाख वार्षिक तक पहुँच सकता है। इसके साथ स्थायी नौकरी, पेंशन, और पदोन्नति के अवसर इसे अत्यंत आकर्षक बनाते हैं।

## सुझाव

करियर चयन से पहले अपने रुचि क्षेत्र की पहचान करें और किसी योग्य करियर सलाहकार से परामर्श लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# कैरियर को पैशन बनाओ, उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम को बेताब हो जाओ!



मोटिवेशनल
**डॉ. दिव्या तंवर**

छात्रों, सोचो – सुबह उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम के लिए बेताब हो जाओ! ये कोई ख्वाब नहीं, बल्कि सच तब बनता है जब तुम अपना कैरियर उस क्षेत्र में बनाते हो जिसे तुम दिलो-जान से प्यार करते हो। पैशन ही तुम्हारा काम बनेगी, और काम तुम्हारी स्किल को हर दिन चमकाएगा!

ये लेख खास तुम्हारे लिए है जो अभी पढ़ाई कर रहे हो, सपने बुन रहे हो। चलो, मिलकर देखें कैसे जिंदगी को सुपरहिट बना सकते हो!

**वोफील्ड चुनो जो तुम्हें 'वाह!' कहने पर मजबूर कर दे**

पढ़ाई के दौरान सब कहते हैं – इंजीनियर बनो, डॉक्टर बनो, MBA करो। अरे भाई, रुक जरा! क्या ये तुम्हारा दिल कहता है? नहीं तो छोड़ दो!

## गेमिंग में खो जाते हो? गेम डेवलपर बनो।

- ड्रॉइंग में समय भूल जाते हो? ग्राफिकडिजाइनर या आर्टिस्ट।
- कोडिंग का कीड़ा है? सॉफ्टवेयरडेवलपर।
- लोगों से बात करना पसंद? कंटेंटक्रिएटर, यूट्यूबर या पॉडकास्टर।
- नेचर में घूमना अच्छा लगता है? वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, एनवायरनमेंटलिस्ट या ट्रैवल ब्लॉगर।
- कहानियां गढ़ना मजेदार लगता है? स्क्रिप्टराइटर, नॉवेलिस्ट या कॉमिक बुक क्रिएटर।
- डांस में ताल मिलाते हो? कोरियोग्राफर, डांस इंस्ट्रक्टर या परफॉर्मिंगआर्टिस्ट।
- बिजनेसआइडिया दिमाग में घूमते हैं? स्टार्टअपफाउंडर, एंटरप्रेन्योर या ई-कॉमर्स ओनर।
- साइंसएक्सपेरिमेंट्स करते हो? डाटा साइंटिस्ट, रिसर्चर या बायोटेक इंजीनियर।
- खाना बनाना शौक है? शेफ, फूडब्लॉगर या फूडस्टार्टअपओनर।
- फिटनेस में मस्त रहते हो? जिमट्रेनर, योगाइंस्ट्रक्टर या स्पोर्ट्स कोच।
- किताबें पढ़ने का जुनून? एडिटर, लाइब्रेरियन या बुक रिव्यूअर।
- म्यूजिक में खो जाते हो? म्यूजिकप्रोड्यूसर, DJ या सिंगर।
- फैशन में रुचि? फैशनडिजाइनर, स्टाइलिस्ट या मेकअप आर्टिस्ट।
- सोशलवर्क पसंद? NGO फाउंडर, सोशलवर्कर या कम्युनिटीऑर्गनाइजर।
- रोबोटिक्स का शौक? रोबोटिक्स इंजीनियर या ऑटोमेशनस्पेशलिस्ट।
- वीडियोएडिटिंग मजेदार लगती है? वीडियोएडिटर, व्लॉगर या शॉर्ट फिल्म मेकर।
- स्पेस में दिलचस्पी? एस्ट्रोनॉमर, स्पेस इंजी. या **NASA** रिसर्चर।
- एनिमल्स से प्यार? वेटरनरी डॉक्टर, पेट ट्रेनर या जू कीपर।
- ट्रैवल करना पसंद? ट्रैवल एजेंट, टूर गाइड या एडवेंचरस्पोर्ट्सइंस्ट्रक्टर।
- पैशनवो है जो पैसे की फिक्र भुला दे। जब काम खेल जैसा लगे, तो सफलता खुद चली आएगी।
- एलनमस्कस्पेस में इसलिए सफल हैं क्योंकि रॉकेट्स उनकी पैशन हैं। तुम भी अपना 'रॉकेट' ढूंढो!

### आखिरी धमाका

## आज शुरू करो, कल किंग बनो!

**छात्रों, कैरियर बोझ नहीं :** तुम्हारी पैशन का खेल का मैदान है। उस फील्ड को चुनो जिसमें दिल धड़के, पैशन को काम बनाओ, स्किल पर रोज पसीना बहाओ। दुनिया बोलेगी, वाह, क्या जिंदगी जी रहा है!



**"ऑफ स्विच" बनाना सीखो**
काम के बाद फोन बंद!
शाम 7 बजे के बाद: लैपटॉप बंद, नोटिफिकेशन ऑफ।
**वीकेंडरूल:** शनिवार-रविवार को सिर्फ हॉबी या रेस्ट।
उदाहरण: कोडिंगपैशन है? हफ्ते में 5 दिन कोड करो, 2 दिन गिटार बजाओ या दोस्तों से मिलो।

**यूट्यूब बनाना पसंद?**
वीडियो शूटिंग के बाद एडिटिंग छोड़ो – अगले दिन फ्रेश दिमाग से करो।



**आज ही सोचो :** तुम्हें क्या पसंद है? वही करो! असफलता आएगी, लेकिन पैशन तुम्हें उठाएगी। तुम स्टूडेंट हो, भविष्य के सुपरस्टार हो – उठो, चुनो, चमको!

तुम कर सकते हो! जय हिंद!

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$ * में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या Z है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या M है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) M+Z (बी) M-Z
(सी) M x Z (डी) M/Z

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

## खबर संक्षेप

### छात्राध्यापिका काजल ने पाया तीसरा स्थान

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा की बीएड प्रथम वर्ष की छात्राध्यापिका काजल ने सीआरडीएवी कॉलेज ऐलनाबाद में राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित आनलाइन नेशनल निबंध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय सरदार पटेलः द आर्किटेकट ऑफ युनाइटेड इंडिया था। एकता, एकरूपता तथा देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने से संबधित विषय पर महाविद्यालय की छात्राध्यापिका ने अपना निबंध लेखन सोशल मीडिया के माध्यम से भेजा था।

### मंडियों में 410782 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद

**सिरसा।** जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 410782 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 185284 एमटी, हैफेड द्वारा 175297 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 50201 एमटी खरीद की गई है। इसके साथ-साथ उठान प्रक्रिया भी जारी है। अब तक जिला की मंडियों से 359165 एमटी धान का उठान किया जा चुका है।

### खिलाड़ियों ने जीते तीन कांस्य पदक

**सिरसा।** पंचकूला में हुई हरियाणा स्टेट चैंपियनशिप-2025 खेलकूद प्रतियोगिता में सिरसा स्टेडियम के तीन खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर सिरसा का नाम ऊंचा किया है। स्टेडियम के खिलाड़ी गंगा सिंह ने शॉट पुट में, विनय कुमार ने 110 मीटर बाधा दौड़ में तथा मांगेराम ने ट्रिपल जंप में कांस्य पदक जीता।

### शादी में आई महिला का पर्स चोरी

**सिरसा।** पंजाब से सिरसा अपने भाई की शादी में शामिल होने आई महिला के गहने व पैसों से भरा पर्स चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में साहुवाला द्वितीय की पिंकी ने बताया कि वह पंजाब के गोनेआना मंडी के खुशवंत के साथ शादीशुदा है। उसके मायके साहुवाला द्वितीय में उसके भाई की शादी थी। वह अपनी ससुराल से दो सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, सोने का लोकेट, सोने का मणियां, नोज पिन, कानों का झुमका, चांदी के दो कड़े, पाजेब व 10 हजार रुपए पर्स में नकद लेकर आई हुई थी।

---

### डॉ. दीपा मंगला ने बच्चों को दी बाल दिवस की शुभकामनाएं

बाल दिवस पर पुरस्कार वितरण समारोह

# विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद






**फतेहाबाद।** जिला स्तरीय बाल दिवस समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए जिला बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष डॉ. दीपा मंगला। व जिला स्तरीय बाल दिवस समारोह में प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।

जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से शुक्रवार को बाल भवन में जिला स्तरीय बाल दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती की धर्मपत्नी एवं जिला बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष डॉ. दीपा मंगला ने शिरकत की। समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के आगमन पर बाल कल्याण परिषद के अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, देशभक्ति गीतों ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष डॉ. दीपा मंगला ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और हर बच्चे में एक अनोखी क्षमता छिपी होती है। उन्होंने कहा कि लक्ष्यों का चयन जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण है सकारात्मक सोच के साथ निरंतर प्रयास करना। छोटे-छोटे कदम भी बड़ी सफलता की नींव बनते हैं।

उन्होंने बच्चों को नई-नई स्किल सीखने, रचनात्मकता बढ़ाने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में सीखने की कोई उम्र नहीं है और जो बच्चे अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करते हैं, वही आने वाले समय में समाज और देश का नाम रोशन करते हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों और शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वे बच्चों को अपने लक्ष्यों के प्रति सजग करें व विपरित परिस्थितियों में आत्म विश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी अनिल कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार, राम राज मेहता, हरबंस लाल सेठी, अमर मोंगा, लेखा अधिकारी उमेन्द्र सिंह, सत्यप्रकाश सरदाना, कार्यक्रम अधिकारी सुखजिंद्र सिंह, सुपरवाइजर अश्वनी कुमार सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे, उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया बाल दिवस

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अंग्रेजी प्रवक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने बच्चों को पं. नेहरू के जीवन, उनके दूरदर्शी नेतृत्व, बाल प्रेम और राष्ट्र-निर्माण में उनके योगदान से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता, महान स्वतंत्रता सेनानी और बच्चों के प्रिय 'चाचा नेहरू' थे। उनका जीवन हमें सत्य, शिक्षा, राष्ट्रभक्ति और मानवता के पथ पर चलने की प्रेरणा देता है। चाचा नेहरू, जिनका पूरा नाम पंडित जवाहरलाल नेहरू था, भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख नेताओं में से एक थे। वे आधुनिक भारत के निर्माता माने जाते हैं और शिक्षा, विज्ञान, प्रगति तथा शांति के समर्थक थे। उनकी प्रसिद्ध कृतियां डिस्कवरी ऑफ़ इंडिया और ग्लिम्प्सेस ऑफ़ वल्ड हिस्ट्री आज भी नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करती हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिनमें नाटक, गीत, कविताएं और भाषण शामिल थे।

### डीएवी नागपुर में मनाया बाल दिवस



**रतिया।** डीएवी स्कूल नागपुर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चो एवं शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को नमन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर राकेश मेहता, प्रिंसीपल रंजू मेहता व कोर्डिनेटर सलोनी ग्रोवर ने किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पांडा रहा। स्कूल की अध्यापिका पूनम पांडा के रूप में नन्हें विद्यार्थियों के बीच पहुंची और उनके साथ जमकर मस्ती की। स्कूल के अध्यापकों ने चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रिंसीपल रंजू मेहता ने कहा कि पंडित नेहरू ने अपनी दूरदर्शी नीतियों और प्रेरक नेतृत्व के जरिए न केवल गंभीर चुनौतियों पर काबू पाया, बल्कि भारत को प्रगति के पथ पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया।

### गांधी विद्या मंदिर में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन



*फतेहाबाद। सेक्टर-12 स्थित गांधी विद्या मंदिर स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्पोर्टस मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रिंसीपल सुशील शर्मा तथा वाइस प्रिंसीपल मोनिका शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण करके की गई। उसके बाद विद्यालय के सभी छात्रों तथा अध्यापकों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। मंच का संचालन कक्षा आठवीं की वंशिका तथा मानवी द्वारा किया गया। कक्षा सातवीं, आठवीं व नौवीं के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कक्षा दसवीं की छात्रा सपना ने शपथ दिलवाकर खेलों का शुभारंभ कराया। प्रिंसिपल सुशील शर्मा ने मशाल प्रज्वलन कर कक्षा दसवीं के छात्र अभय को प्रदान किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ करवाई गई। विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में विद्यालय के प्रिंसीपल सुशील शर्मा ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत करके सभी बच्चों को स्वतंत्र भारतवर्ष के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी।*

---

## 'नेहरू की सीख-बच्चों की दुनिया' बाल दिवस बना यादगार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते प्रधानाचार्या। फोटो : हरिभूमि

क्रेसंट स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर 'हर दिल में छिपा है एक बच्चा' थीम के साथ विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसने पूरे विद्यालय वातावरण को प्रेम, मासूमियत एवं प्रेरणा से भर दिया। पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाल प्रेम को समर्पित यह कार्यक्रम बच्चों की मुस्कुराहटों एवं शिक्षकों के स्नेह से एक यादगार सुबह में परिवर्तित हो गया।

हिमांशु, चिराग व छवि के मंच संचालन में अम्बर व फतेह सिंह ने अपने सुविचारो के माध्यम से बच्चों को भारत का भविष्य बताते हुए नेहरू की शिक्षाओं को याद किया। बच्चों की मधुर आवाजों में नेहरू जी के प्रति सम्मान की झलक स्पष्ट महसूस की गई। किरण व वर्षा द्वारा प्रस्तुत 'चाचा नेहरू का बच्चों से है बड़ा पुराना नाता, बाल दिवस है आज साथियों' कविताओं ने सभी को भावुक कर दिया।

नयन के बाल दिवस से संबंधित स्पेलिंग चेक एवं यजुर की रोचक सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी ने उपस्थित विद्यार्थियों में उल्लास भर दिया। छात्रा प्राची द्वारा सुनाई गई चाचा नेहरू की आत्मनिर्भर भारत विषयक प्रेरणादायक कहानी ने बच्चों के हृदय को आशा एवं संकल्प से भर दिया। इस अवसर को और भी विशेष बनाते हुए 'चंदा चमके चम चम चीखे चौकन्ना चोर' गीत पर शिक्षकों की सामूहिक मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने बच्चों के प्रति उनके प्रेम और समर्पण का प्रतीक था।

सोनाक्षी व अग्रिमा ने अपने सुव्याख्यान के माध्यम से सभी को प्रेरित किया कि हर दिन सीखने व आगे बढने का अवसर है। बाल दिवस के इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विविध खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया दौड़ ,लंबी कूद, रस्साकस्सी व गेंद दौड़ सहित कई रोचक खेलों ने पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना दिया। विद्यार्थियों ने अपने कौशल व टीम स्पिरिट का शानदार प्रदर्शन किया।

### बच्चे भगवान का उपहार

*प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे भगवान का सबसे सुंदर उपहार हैं। उनकी मुस्कान में देश का कल छिपा है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते करते हुए कहा कि बच्चे केवल घरों की रोशनी नहीं बल्कि देश के असली संरक्षक है।*

## कांग्रेसियों ने जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज. ▸▸| फतेहाबाद



फतेहाबाद। पंडित जवाहर लाल नेहरू को याद करते कांग्रेसी।

जिला कांग्रेस कार्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती श्रद्धाभाव से मनाई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा सहित सभी कांग्रेसियों ने नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर मंगतराम लालवास, नरेश सोनी एडवोकेट, शम्मी रत्ती, सुरेन्द्र वर्तिया, गुरदीप चहल, घनश्याम आनन्द, रमेश कुमार कटारिया, मास्टर सतबीर भूथन, अमित पूनिया, संदीप बासीडा, प्रवीण कुम्हारिया, वासूदेव गोयल, हरपाल बैनीवाल, राम सिंह बरोटा, समीर मसीह, सेवा सिंह नामधारी, सुखदेव सिंह अहरवां, हरदीप सिंह काला, चानण सिंह अहरवां, रणजीत सिंह अहरवां सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अरविन्द शर्मा ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू केवल भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी राजनेता, महान चिंतक और आधुनिक भारत के निर्माता थे।

## युवा महोत्सव में एमएम कॉलेज रहा विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा







**सिरसा।** युवा महोत्सव में विजेता व उप विजेता रही टीमें।

चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा में आयोजित 12वें त्रिवेणी युवा महोत्सव-2025 के वैलेडिक्टरी फंक्शन में हरियाणवी संगीत के मशहूर कलाकार राज मावर, अमन जाजी और संजीत स्रोहा ने अपने शानदार लाइव प्रदर्शन से वातावरण को रोमांचित कर दिया। बहुउद्देश्यीय हॉल खचाखच भरा रहा और विद्यार्थियों तथा दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। शुक्रवार को युवा महोत्सव के समापन पर कलाकारों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया।

युवा महोत्सव की ओवरऑल ट्रॉफी एम एम कॉलेज, फतेहाबाद को गई। म्यूजिक, थियेटर, लिटरेरी तथा फाइन आर्ट्स की रनिंग ट्रॉफी भी एमएम कॉलेज फतेहाबाद को गई। डांस की रनिंग ट्रॉफी यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट, सीडीएलयू को गई। महोत्सव के अंतिम दिन जनरल ग्रुप डांस तथा हरियाणवी ग्रुप सांग की धूम रही। कार्यक्रम में कलाकारों ने अपने लोकप्रिय गीतों और ऊर्जावान प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढक़र भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उनके गीतों पर छात्रों ने जमकर थिरकते हुए पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। दर्शकों की तालियों और उत्साह ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। समापन समारोह में विश्वविद्यालय प्रशासन ने कलाकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें सांस्कृतिक मूल्यों, आत्मविश्वास और रचनात्मकता को भी बढ़ावा देते हैं।

### ये रहे परिणाम

क्लासिकल वोकल सोलो में एमएम पीजी कॉलेज फतेहाबाद प्रथम, यूटीडी सीडीएलयू द्वितीय, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (परक्युशन) में सीएमके नेशनल पी.जी. गर्ल्स कॉलेज सिरसा प्रथम, राजकीय नेशनल कालेज सिरसा द्वितीय, क्लासिकल इंस्ट्रूमेंटल सोलो (नॉन-परक्युशन) में एमएम पीजी कॉलेज फतेहाबाद प्रथम, शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज सिरसा और राजकीय नेशनल कॉलेज, सिरसा द्वितीय रहे। इंडियन ग्रुप सौंग में एमएम पीजी कॉलेज फतेहाबाद प्रथम तथा सीएमके नेशनल पी.जी. गर्ल्स कॉलेज, सिरसा द्वितीय रहा। इसी प्रकार लिटरेरी इवेंट्स के हिंदी तथा अंग्रेजी एलोक्युशन में भी एम एम कॉलेज प्रथम रहा। फाइन आर्ट्स के ऑन द स्पॉट पेंटिंग में जेसीडी कॉलेज ऑफ एजुकेशन पहले स्थान पर रहा।




**फतेहाबाद।** आदर्श स्कूल दरियापुर में खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

### आदर्श स्कूल में बाल दिवस का आयोजन

**फतेहाबाद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल ,दरियापुर में आज बाल दिवस मनाया गया। बाल दिवस के उपलक्ष्य में वहां विभिन्न फन गेम्स आयोजित की गई, जिसमें प्ले-वे से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें बैलेंसिंग बॉल, फ्रोग रेस, हर्डल रेस, बैलून जम्प, रिले रेस, थ्री लेग रेस, टग ऑफ वॉर का आयोजन किया गया। इन खेलों में बच्चों ने बहुत उत्साह दिखाया व अपने कौशल का प्रदर्शन किया। स्कूल के डायरेक्टर साहिल मैहता, एमडी दर्शन मैहता, प्रिंसिपल अंजलि मैहता और वाइस प्रिंसिपल सीमा कोचर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, बाल दिवस का जश्न मनाने का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों और उनकी शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देना है। उन्होंने बच्चे को अपना सपना पूरा करने के लिए प्रेरित किया, जीवन में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया।

## भारतीय शिक्षा दृष्टि से शिक्षक को गुरु बनाने वाली आनंदशाला

हरिभूमि न्यूज. ▸▸| सिरसा




**सिरसा।** भारतीय शिक्षण मंडल क सीडीएलयू में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बीआर शंकरानंद ने कहा कि शिक्षा जगत में भारत को प्रतिष्ठापित करना और शिक्षा के क्षेत्र में भारतीय मूल्यों का समावेश के साथ भारतीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मूलभूत उद्देश्यों में से एक है। भारत की शिक्षा प्रणाली महर्षि शिक्षा प्रणाली पर आधारित है और इसके अंदर पारिवारिक भाव, सहयोग का भाव, त्याग का भाव, अनुशासन का भाव और आध्यात्मिकता का भाव प्रमुखता से है। एक शिक्षक युग प्रवर्तक होता है। बीआर शकंरानंद शुक्रवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में आयोजित सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम उन्मेष (अनफोल्डिंग फ्रॉम शिक्षक टू गुरु) आनंदशाला के उद्धघाटन सत्र में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार, मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. सुहास पेडनेकर, विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार तथा संपर्क प्रमुख चंचल भारद्वाज भी मौजूद रहे।बीआर शंकरानंद ने कहा कि शिक्षक से गुरु बनने की दिशा में यह सात दिवसीय आनंदशाला मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मूल्य के आधार पर जीवन होना चाहिए हमें पुरातन को स्वीकार करते हुए नवीनता की और अग्रसर होना चाहिए। भारतीय जलवायु एवं भारतीय संस्कृति के अनुरूप नए मॉडल विकसित करना समय की मांग है। शिक्षक परिवर्तन के पुरोधा होते हैं। राष्ट्र के विकास के लिए राजा का संवेदनशील होना व प्रजा का सक्रिय होना अत्यंत आवश्यक है। गुरु त्यागी होने के साथ-साथ कभी न थकने वाला, कभी न झुकने वाला होना चाहिए।

### शिक्षा की वैश्विक प्रासंगिकता बताई

*प्रो. सुहास पेडनेकर ने अनुसंधान उत्कृष्टता और भारतीय दृष्टिकोण आधारित शिक्षा की वैश्विक प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शिक्षा को केवल सूचना तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे जीवन निर्माण, संस्कार, संवेदना और चरित्र गढने की प्रक्रिया में रूपांतरित करता है। उन्मेष आनंदशाला शिक्षण को 'जीवन जीने की कला' से जोड़ते हैं। जब शिक्षा व्यक्ति के चिंतन, संस्कार और व्यवहार को स्पर्श करे, तभी वह सार्थक और प्रभावकारी बनती है।*


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### ग्यारहवां पुरस्कार (इलैक्ट्रिक कैटल-100 नग)

❖ रणधीर सिंह सुपुत्र श्री सूरत सिंह, गांव लहराड़ा, सोनीपत ❖ यशपाल शर्मा पुत्र श्री बारू राम, 317/3, धर्नबीर कॉलोनी, घरौंडा, करनाल ❖ सरिता धर्मपत्नी श्री विनोद कुमार, प्रगति नगर, गली नं.-2, सोनीपत ❖ श्री जगदीश सुपुत्र रामभजन प्रजापति, वार्ड नं. 10, महम, रोहतक ❖ श्री पवन कुमार सुपुत्र श्री सूरज भान वर्मा, गोपाल कॉलोनी, नीयर पुराना सदर थाना, रोहतक ❖ राम सिमरो धर्मपत्नी श्री जुगल किशोर, मं नं. 2700/15, पंचकूला ❖ दक्ष सुपुत्र श्री खुशी राम गांव व डा. कुराड़, सोनीपत ❖ क्रिश सुपुत्र श्री राजकुमार 46 अनिल नगर, सोनीपत ❖ विरेन्द्र सिंह यादव सुपुत्र श्री जगराम यादव, गांव पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ नरेश कुमार सुपुत्र श्री ताराचंद पाली रेवाड़ी मनेठी ❖ गुलशन कौर धर्मपत्नी श्री बृजपाल सिंह, सरदार आटा चक्की, पुल बाजार, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शैकिन दत्त सुपुत्र श्री राम निवास, विशाल नगर, गली नं. 2, सोनीपत ❖ नीरू सचदेवा पत्नी श्री पंकज सचदेवा, गांव बरसत, घरौंडा, करनाल ❖ पार्थ सुपुत्र श्रीमान प्रमोद ❖ रजनी सुपुत्री श्री रणबीर सिंह, ककरोई, सोनीपत ❖ गर्वित पाराशर सुपुत्र श्री विरेन्द्र पाराशर, गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ नरेन्द्र पुत्र श्री भीम सिंह मैन बाजार नजदीक पुराना थाना, जुलाना, जीन्द ❖ चान्दराम सुपुत्र श्री देई चन्द, वार्ड नं. 9 जुलाना मण्डी, जीन्द ❖ रीना धर्मपत्नी सुखपाल सिंह चौहान, सिद्धार्थ कॉलोनी, बहालगढ़ रोड़, सोनीपत ❖ हीना सहरावत धर्मपत्नी श्री अंकित सहरावत ❖ शमशेर पुत्र श्री फूल सिंह, जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ प्रियंका धर्मपत्नी श्री राजकुमार, 46 नजदीक रामा मेडिकल स्टोर, अनिल नगर, सोनीपत ❖ श्री भगवान भटनागर सुपुत्र श्री लाल चन्द भटनागर, प्रगति नगर, गली नं. 2, सरोहा हाउस के सामने छोटू राम चौक, सोनीपत ❖ हिमाशुं सुपुत्र श्री लोकेश, वस्त्रम नगर, गली नं. 10, सोनीपत ❖ प्रीति मिश्रा धर्मपत्नी परतव उपाध्याय, गली नं. 7, रिषी कॉलोनी, सोनीपत ❖ श्री पंकज सुपुत्र श्री अशोक कुमार, पटेल नगर, रेलवे रोड, जींद ❖ विकास सुपुत्र श्री गुरदास गांव जुलाना वार्ड नं. 6 जीन्द ❖ झलक सुपुत्री श्री राजकुमार, म. नं. 46, कुम्हार गेट, अनिल नगर, सोनीपत ❖ अंजु धर्मपत्नी दीपक रावत, 19/9, न्यू सब्जी मण्डी, सोनीपत ❖ सोनिया धर्मपत्नी श्री मनोज कुमार 27/10, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सचिन वधवा, मं नं. ई 205, राम गली, करनाल ❖ अनिता चुरानी, 2700 FF सेक्टर -15, पंचकूला ❖ गुजरी देवी, धर्मपत्नी रोहतास मलिक, फैमिना टेलर, रेलवे रोड, सफीदों, जीन्द ❖ गुलाब सिंह धर्मपत्नी श्री टेक राम, बुढ़ा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ जगबीर सुपुत्र श्री बनवारी लाल, अकालगढ़, जुलाना, जीन्द ❖ सुखबीर सिंह सुपुत्र श्री रंगराव, गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जय किशन सुपुत्र श्री डालचन्द, हमायुंपुर, मातनहेल, झज्जर ❖ कविता धर्मपत्नी श्री अशोक हथवाला, जुलाना, जीन्द ❖ श्री पवन कुमार वधवा, फैंसी मेन बाजार, कलधा हाउस, कलानौर, रोहतक ❖ श्री सचिन सुपुत्र कृष्ण, गांव व डा. खरावड़, तह. सांपला, रोहतक ❖ श्री जगवंती गांव व डा. बोहर, रोहतक ❖ लक्ष्मी नारायण सुपुत्र श्री जय नारायण, म. नं. 2620 अर्बन स्टेट, सैक्टर 10, जीन्द ❖ वेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर, गांव सुबाना, झज्जर ❖ राजेश हेयर ड्रेसर सुपुत्र जय सिंह, भानू भाई फैक्ट्री, झज्जर ❖ सुनिधी पुत्री श्री सतपाल, गांव अमादलपुर, माछरौली, झज्जर ❖ हीरालाल रोहिला सुपुत्र श्री रामपाल, गांव रैईया, बख्तावरपुर, झज्जर ❖ सतबीर सिंह पुत्र श्री उदयराम, मॉडल टाउन, झज्जर ❖ धरेश कुमार सुपुत्र श्री प्रताप चन्द म. नं.31/11, मौहल्ला लाल कहानिया, झज्जर ❖ रामरत्तन एक्स सर्विसमैन पुत्र श्री मथुरा दास, गांव बेरी वार्ड नं. 1, झज्जर ❖ मनमोहन सिंह सुपुत्र श्री ओमप्रकाश, प्राणपुरा, वार्ड नं. 5, नारनौल, महेन्द्रगढ़

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

## खबर संक्षेप

### जन्म प्रमाण पत्र फर्जीवाड़े में शामिल आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** जन्म प्रमाण पत्र फर्जीवाड़ा प्रकरण में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक अन्य आरोपी को काबू किया है। पुलिस टीम ने हेमंत पुत्र सुभाष चंद्र निवासी नई अनाज मंडी, ऐलनाबाद, जिला सिरसा को पकड़ा है। इससे पहले इसी मामले में तीन अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि यह मामला नकली जन्म प्रमाण पत्र तैयार करने और उसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने से संबंधित है।

### शहीदी यात्रा की तैयारियों के लिए एसडीएम ने ली बैठक

**रतिया।** उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी यात्रा की तैयारियों व व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में नगर कीर्तन यात्रा के स्वागत, व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा फ्लैक्स लगाने और श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### भूमि विवाद के मामले में पुलिस ने युवक किया काबू

**फतेहाबाद।** भूमि विवाद व धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस टीम ने दीपक उर्फ अर्जुन पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी जुलाना, जिला जींद को गिरफ्तार किया। इस मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि यह मामला पूजा गौड़ निवासी भारत नगर, भिवानी द्वारा दी गई शिकायत पर दर्ज हुआ था।

### हेरोइन सहित नशा तस्कर गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले में नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद ने 16.25 ग्राम हेरोइन के साथ एक युवक को काबू किया है। युवक की पहचान भारत पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी गुरुनानकपुरा, फतेहाबाद के रूप में हुई है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि अपराध जांच शाखा के एएसआई बसंत सिंह व टीम शहर फतेहाबाद से भूना पुल की ओर नियमित पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी को पकड़ा।

### एसडीएम ने पराली प्रबंधन का जायजा लिया

**टोहाना।** पराली जलाने की घटनाओं को रोकने को लेकर एसडीएम आकाश शर्मा ने शुक्रवार को गांव अमानी, भोडियाखेड़ा, ठरवा, समैण और चंदड़ सहित कई क्षेत्रों में पहुंचकर पराली प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि पराली जलाने से वायु गुणवत्ता गंभीर रूप से प्रभावित होती है, जिसके कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती हैं। उन्होंने किसानों को समझाया कि पराली प्रबंधन को अपनाकर न केवल प्रदूषण रोका जा सकता है, बल्कि इससे आर्थिक लाभ भी संभव है।

## नशा तस्करों का सिरसा से पूर्ण सफाया करना हमारा उद्देश्य: एसपी

# नशे को पूरी तरह से खत्म करने के लिए पंचायतों को एकजुट होना पड़ेगा

- एसपी ने पंचायत सदस्यों व विद्यार्थियों से किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे महायुद्ध में आमजन का सहयोग अति आवश्यक है, इसलिए सिरसा पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे इस महा अभियान में प्रत्येक नागरिक को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी, तभी हम नशा मुक्त समाज की कल्पना कर सकते हैं। एसपी दीपक सहारण सिरसा जिले के ऐलनाबाद कस्बे के नचिकेतन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पस्थित विभिन्न गांव से आए हुए पंच, सरपंच, युवाओं व उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा अन्य गणमान्य लोगों को संबोधित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे महा अभियान के तहत सिरसा पुलिस ने पिछले 15 दिनों में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 43 नशा तस्करों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। हमारी कार्रवाई निरंतर जारी है, नशा तस्करी में संलिप्त लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा मुक्त समाज के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आकर अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि नशा स्वस्थ समाज के लिए एक अभिशाप है।



सिरसा। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते एसपी दीपक सहारण।

### नशाखोरी से बढ़ रहे अपराध

उन्होंने कहा कि जब समाज का प्रत्येक नागरिक अपनी गली, मोहल्ले तथा गांव की पूरी जिम्मेवारी लेगा तभी हम इस अभियान में पूरी तरह से कामयाब होंगे। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को यह प्रण लेना होगा कि न तो वह स्वयं नशा करेगा और न ही अपने आस-पास के लोगों को नशा करने देगा । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशे की चपेट में आकर युवा लगातार अपराध की और अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशे की पूर्ति के लिए युवा अक्सर आपराधिक वारदातों को अंजाम देते हैं। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ जोरदार अभियान चलाए हुए है, जिसके काफी सार्थक परिणाम सामने आ रहे है। सिरसा पुलिस जहाँ नशा तस्करों की लगातार धर-पकड़ कर रही है, वहीं सेमिनार व गोष्ठियों के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणामों के बारे में अवगत करवाकर उन्हें लगातार जागरुक भी कर रही है । उन्होंने इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों,सामाजिक संस्थाओं तथा आमजन से आह्वान किया है कि वे नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि इस अभियान को सफलता के शिखर तक ले जाया जा सके। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने नाटक के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

## आरोपी गुरमीत पर केस दर्ज

## 25 लाख की हेरोइन बरामदगी मामले में वांछित गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत मादक पदार्थ अधिनियम के मामलें में वांछित चल रहे करीब 25 लाख रुपए की 255 ग्राम हेरोइन बरामदगी मामलें के मुख्य सप्लायर को सिरसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार कर लिया है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारण ने बताया कि शहर थाना की जेजे कालोनी पुलिस चौकी की एक टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी गुरमीत सिंह निवासी जिला हिसार को गिरफ्तार कर लिया है । गौरतलब है कि इस संबंध में शहर थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी राजविंद्र सिंह को 255 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर शहर थाना सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई थी । जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पकड़ा।

### तस्करी मामले में वांछित महिला काबू

इसके अलावा पुलिस ने हेरोइन तस्करी मामले में वांछित एक महिला तस्कर को कालांवाली क्षेत्र से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कालांवाली चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने शुक्रवार दोपहर तीन बजे के दौरान बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी महिला तस्कर को कालांवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने विकास कुमार को 6 ग्राम 890 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसे कालांवाली निवासी एक महिला ने हेरोइन सप्लाई की थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ भी कालांवाली थाना में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर उसे पकड़ा।




टोहाना। एकता यात्रा की अगुवाई करते पूर्व मंत्री देवेन्द्र बबली व बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा। फोटो : हरिभूमि

## सरदार पटेल की जयंती पर कार्यक्रम

## टोहाना में निकली अखंड भारत की एकता यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में मेरा युवा भारत तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में टोहाना में एकता पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली तथा बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत की। नागरिकों, विद्यार्थियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ यह पदयात्रा टाउन पार्क से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और जन जागरूकता का संदेश देती आगे बढ़ी। यात्रा का समापन कन्या राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टोहाना में हुआ, जहां विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्र एकता के आदर्शों को अभिव्यक्त किया। पूर्व मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा कि आज का 'यूनिटी मार्च' केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता का संदेश है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरदार पटेल के सपनों को साकार करते हुए एक सशक्त, सुरक्षित और एकजुट भारत के निर्माण में निरंतर कार्यरत हैं। यह संकल्प केवल सरकार का नहीं।

### योगदान को सराहा

बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कहा कि आजादी से पूर्व हमारा देश अनेक रियासतों में बंटा हुआ था और उस कठिन समय में सरदार वल्लभभाई पटेल ने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और दृढ़ संकल्प के साथ सभी रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर एक भारत का निर्माण किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल के इसी महान योगदान को पूरे देश के सामने पुनः स्थापित किया है। पहले जहां केवल एक विशेष परिवार के लोगों को ही इतिहास में प्रमुखता दी जाती थी।

# बिहार जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

- जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

बिहार में आए चुनाव परिणामों पर शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिरसा शहर के सुभाष चौक पर लड्डू व पटाखे फोड़ कर जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने बिहार विधानसभा चुनाव में जो ऐतिहासिक एवं प्रचंड विजय प्राप्त की है, वह देश की जनता के विश्वासए करोड़ों कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत, प्रधानमंत्री नके कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।



सिरसा। बिहार चुनाव परिणाम के बाद सिरसा में जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।

### सुशासन, विकास और स्थिरता पर मुहर

उन्होंने बिहार के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत प्रत्येक कार्यकर्ता के समर्पण, त्याग और परिश्रम की जीत है। देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर लोकतंत्र के इस पर्व में सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। एडवोकेट यतीन्द्र सिंह ने विशेष रूप से हरियाणा प्रदेश के कार्यकर्ताओं का उल्लेख किया, जिन्होंने पूरे मनोयोग से बिहार में चुनाव प्रचार अभियान में योगदान दिया। साथ ही हरियाणा के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बिहार में किए गए प्रभावी प्रचार ने भी इस विजय में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बिहार की जनता को भी हृदय से धन्यवाद देते हुए कहा कि बिहार वासियों ने एक बार फिर सुशासन, विकास और स्थिरता को चुना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी इस शानदार जीत पर हार्दिक बधाई।

## प्रत्येक ब्लॉक के 5 पीजीटी मैथ्य शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया

# मैथ्स ओलंपियाड की तैयारी के लिए मताना डाइट में पीजीटी गणित के शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला फतेहाबाद में गणित विषय के अध्यापकों की क्षमता वृद्धि एवं मैथ्स ओलंपियाड की प्रभावी तैयारी के उद्देश्य से 'कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफ पीजीटी मैथ्य फॉर मैथ्स ओलंपियाड' विषय पर दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डाइट मताना में किया गया। जिला फतेहाबाद के सभी ब्लॉकों से चयनित प्रत्येक ब्लॉक के 5 पीजीटी मैथ्य शिक्षकों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट मताना की प्रिंसीपल संगीता बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा वरिष्ठ प्रवक्ता शेर सिंह और वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश कुमार, इंचार्ज आईएफआईसी विंग के मार्गदर्शन में तैयार की गई। कार्यक्रम के समन्वयक आशीष कुमार प्रवक्ता गणित, डाइट मताना रहे। इस प्रशिक्षण में रिटायर्ड प्रोफेसर गुलशन खरबंदा सहित अन्य शिक्षकों ने टिप्स दिए।



फतेहाबाद। डाइट मताना में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेते पीजीटी मैथ्स।

### ऐसे चला प्रशिक्षण

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में वरिष्ठ प्रवक्ता राकेश कुमार, इंचार्ज आईएफआईसी विंग ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को सफल प्रशिक्षण के लिए बधाई दी और प्रेरित किया कि वे अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों में मैथ्स ओलंपियाड के प्रति रुचि एवं उत्साह उत्पन्न करें। सभी प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम की अत्यंत प्रशंसा की और बताया कि उन्होंने मैथ्स ओलंपियाड से संबंधित सभी विषयों पर गहराई से कार्य किया।

## पुलिस का अभियान : 17 ड्रग पीड़ितों से फीडबैक लिया, बच्चों को किया जागरूक



**फतेहाबाद।** एसपी सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन में जिलेभर में चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने रतिया क्षेत्र में जागरूकता एवं उपचार संबंधी अभियान चलाया। टीम ने सबसे पहले रतिया क्षेत्र के 10 पूर्व चिन्हित ड्रग पीड़ितों का फीडबैक लिया। इन सभी पीड़ितों को पहले उपलब्ध करवाई गई आयुर्वेदिक दवा और काउंसलिंग का लाभ कितना मिला, क्या सुधार हुआ और आगे की आवश्यक जरूरतें क्या हैं, इस संबंध में विस्तृत मूल्यांकन किया गया। टीम ने इन सभी को उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए अगली दवा की खुराक और आवश्यक सलाह भी उपलब्ध कराई। इसके अलावा टीम ने क्षेत्र में 2 टीका लगाने वाले व्यक्तियों सहित कुल 7 नव-चिन्हित ड्रग पीड़ितों की पहचान की। इन सभी को काउंसलिंग के बाद आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध करवाई गई, ताकि वे नशे से पूरी तरह बाहर आने की प्रक्रिया में सहायता प्राप्त कर सकें। टीम के प्रयासों से ठरवी क्षेत्र से भी एक नया ड्रग पीड़ित उपचार के लिए स्वयं पहुंचा, जिसे भी तुरंत काउंसलिंग देकर दवा उपलब्ध करवाई गई। नशा मुक्ति टीम ने इसे विशेष उपलब्धि माना क्योंकि पीड़ित का खुद आगे आना जागरूकता अभियान की सफलता को दर्शाता है। अभियान के दौरान टीम ने रतिया स्थित राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव व अन्य कारणों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# भाजपा सरकार को जनता के हितों से कुछ लेना-देना नहीं : सुनैना चौटाला

- पार्षदों ने आंदोलन को समर्थन देने पर इनेलो नेता का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लोकतंत्र में जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का सम्मान और उनकी बात पर ध्यान देना एक स्वस्थ और प्रभावी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह एक मूलभूत सिद्धांत है जो लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता है लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विकास के मामलों को अनसुना कर जनभावनाओं को अपमानित कर रही है। फतेहाबाद में पार्षदों ने एकजुट होकर जिस तरह शहर के विकास के लिए आवाज उठाई, वह एक सराहनीय कदम है और इनेलो पार्षदों के इस कदम में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। यह बात इनेलो महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने शुक्रवार को उनके मिलने पहुंचे फतेहाबाद के पार्षदों से बातचीत करते हुए कही। फतेहाबाद के अनेक पार्षद आज सुनैना चौटाला से मिले और शहर के विकास को लेकर दिए गए धरने को समर्थन देने के लिए उनका आभार जताया।



फतेहाबाद। समर्थन के लिए इनेलो नेता सुनैना चौटाला का आभार जताने पहुंचे शहर के पार्षद। फोटो : हरिभूमि

## भावदीन में हत्या मामला

## ऑपरेशन ट्रैकडाउन में हत्या के मामले में वांछित दबोचा

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत अवैध हथियार से हत्या करने के मामले में घटना के समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि बीती 13 जून 2025 को गांव भावदीन में कुछ अज्ञात लोगों ने खेत में पानी की पाइप लाइन को लेकर हुए झगड़े में एक युवक की हत्या कर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि डिंग थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्जकर जांच शुरु की थी। जांच के दौरान डिंग थाना की पुलिस टीम आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार दबिश दे रही थी ।

### ये था मामला

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत डिंग थाना पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत सिंह निवासी भावदीन जिला सिरसा को काबू कर लिया है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत सिरसा पुलिस लगातार वांछित आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं।

## आयुषी ने इंटर कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक



**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष की छात्रा आयुषी ने द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब में आयोजित इंटर कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेकर स्वर्ण पदक जीता है। इसी के साथ ही आयुषी ने आगामी 16 से 20 दिसंबर तक कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई भी किया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर कॉलेज प्राचार्या प्रो. रंजना ग्रोवर ने हर्ष जताया है। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक में बौद्धिक विकास होता है। खेल खेलने से शरीर स्वस्थ व तंदुरुस्त रहता है। कॉलेज पहुंचने पर छात्रा आयुषी का स्कूल की ओर से अभिनंदन किया गया। खेल प्रशिक्षक रोबिन कुमार ने बताया कि द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब की ओर से इंटर कॉलेज बॉक्सिंग चैंपियनशिप करवाई गई थी, जिसमें छात्रा आयुषी ने 75 से 80 किलोग्राम भार वर्ग के अंदर स्वर्ण पद हासिल किया है। स्पोट्र्स इंचार्ज संगीता नंदा ने भी छात्रा को इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

**धर्म-कर्म** | कृष्ण पक्ष की एकादशी पूजा से पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठना अत्यंत फलदायी होता है

# उत्पन्ना एकादशी आज, भगवान विष्णु की कृपा के साथ माता लक्ष्मी की बरसेगी कृपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मार्गशीर्ष महीना भगवान श्री कृष्ण को समर्पित है। महीने की कृष्ण पक्ष की एकादशी यानी पहली एकादशी अत्यंत ही खास मानी जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस तिथि को देवी एकादशी की उत्पत्ति हुई थी, इसलिए इसे उत्पन्ना एकादशी एकादशी कहते हैं। इस बार उत्पन्ना एकादशी आज यानि 15 नवंबर को है। एकादशी की शुरूआत 15 नवंबर को देर रात 12:49 बजे होगी, जो 16 नवंबर को देर रात 2:37 तक जारी रहेगी। इस दिन व्रत और पूजा से पाप का क्षय होता है और मोक्ष प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने कहा कि तुलसी माता को देवी लक्ष्मी का ही स्वरूप माना जाता है। उत्पना एकादशी के दिन तुलसी से जुड़े कुछ विशेष उपाय हिंदू धर्म शास्त्रों में बताए गए हैं। मान्यता है कि इन उपायों को करने से भगवान श्री हरि विष्णु के साथ-साथ माता लक्ष्मी की भी कृपा प्राप्त होती है। पंडित सोनू शर्मा ने कहा कि अगर आप किसी भी एकादशी का व्रत नहीं रख पा रहे हैं तो मार्गशीर्ष महीने की कृष्ण पक्ष की एकादशी का व्रत अवश्य रखें। क्योंकि इस व्रत को करने से जीवन में दरिद्रता समाप्त हो जाती है। सभी दुखों का नाश हो जाता है। धार्मिक शास्त्र के अनुसार सुदामा ने उत्पना एकादशी का व्रत रखा था जिससे उनकी दरिद्रता समाप्त हुई।



पंडित सोनू शर्मा।

### उत्पन्ना एकादशी की पूजा विधि

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि एकादशी से एक दिन पहले सात्विक भोजन करें और ब्रह्मचर्य का पालन करें। एकादशी की सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और साफ, पीले वस्त्र धारण करें। भगवान विष्णु की प्रतिमा स्थापित कर जल, फूल और अक्षत लेकर व्रत का संकल्प लें। भगवान को रोली, चंदन, अक्षत, पीले फूल, तुलसी दल और फल अर्पित करें। 'ऊं नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जप करें और विष्णु जी की कथा पढ़ें। अंत में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की आरती करें। दिनभर फलाहार करें और चावल का सेवन न करें। रात्रि में भगवान का भजन-कीर्तन करें। अगले दिन ब्राह्मण को भोजन कराएं या दान दें। इसके बाद शुभ मुहूर्त में व्रत का पारण करें।

### उत्पन्ना एकादशी के मुहूर्त

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि एकादशी तिथि की शुरुआत 15 नवंबर को देर रात 12 बजकर 49 मिनट पर होगा, जो 16 नवंबर को देर रात दो बजकर 37 मिनट तक जारी रहेगी। ऐसे में 15 नवंबर को उत्पन्ना एकादशी व्रत किया जाएगा और समापन 16 नवंबर को किया जाएगा। जो श्रद्धालु उत्पन्ना एकादशी व्रत का पालन करेंगे, वे इस दिन भगवान विष्णु और देवी एकादशी की पूजा सुबह 8:04 बजे से 9:25 बजे के बीच कर सकते हैं, जो इस तिथि का सबसे शुभ और उत्तम मुहूर्त माना गया है। पूजा से पहले ब्रह्म मुहूर्त में उठना अत्यंत फलदायी होता है, जो इस दिन सुबह 4:58 बजे से 5:51 बजे तक रहेगा।